भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 35**
गुरूवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

# उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों में सुधार

35. **श्री दिलीप शइकीया:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**
**श्री मोहन मंडावी:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्री अरूण साव:**
**श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों (एफटीआई) में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ख) असम और महाराष्ट्र सहित उड़ान प्रशिक्षण संस्थनों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) नए उड़ान प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए अपेक्षित बुनियादी अवसरंचना सुविधाओं सहित निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का पूर्वोत्तर राज्यों, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ विशेषकर बिलासपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के साथ असम सहित देश में नए उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करने का विचार है; और

(ड.) यदि हां, तो कुल संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))**

(क): सरकार द्वारा देश में उड़ान प्रशिक्षण के विकास के लिए अनेकों उपाय किए गए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(i) नागर विमानन मंत्रालय द्वारा उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए उदारीकृत दिशानिर्देश अनुमोदित किए गए हैं जिसमें हवाईअड्डा रायल्टी की अवधारणा (एफटीओ द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को राजस्व शेयर का भुगतान) को समाप्त कर दिया गया है तथा भूमि किराए, काफी सीमा तक युक्तिसंगत बनाए गए हैं।

(ii) नागर विमानन महानिदेशालय ने नवम्बर, 2021 से उड़ान कर्मी (एफसी) उम्मीदवारों के लिए आनलाइन-आन डिमांड परीक्षा (ओएलओडीई) की शुरूआत की है। इससे उम्मीदवारों को उपलब्ध परीक्षा स्लॉट्स में से अपनी पसंद की तिथि एवं समय के चयन की सुविधा प्राप्त हुई है।

(iii) नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अपने विनियमों में संशोधन करके, उड़ान अनुदेशकों को एफटीओ में उड़ान प्रचालनों को अधिकृत करने की शक्ति प्रदान की गई है। अब तक ऐसा अधिकार मुख्य उड़ान अनुदेशक (सीएफआई) अथवा उप मुख्य उड़ान अनुदेशक को ही प्राप्त था।

(iv) अमेठी (उत्तर प्रदेश) में स्थित भारत की सबसे विशाल उड़ान अकादमी – इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (इग्रुआ) को अपने विमान उपयोग और उड़ान घंटों, जो सर्दी के महीनों में कम दृश्यता के कारण, काफी अधिक प्रभावित होते हैं, में बढ़ोतरी के लिए, गोंदिया (महाराष्ट्र) तथा कलबुर्गी (कर्नाटक) में पायलट प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति प्रदान की गई है। इग्रुआ ने प्रत्येक सप्ताहांत एवं छुट्टी के दिनों में प्रचालन प्रारंभ कर दिए हैं।

(ख): भारत में 53 बेसों पर नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 35 एफटीओ प्रचालन कर रहे हैं। एफटीओ की राज्य / संघ राज्य क्षेत्र वार सूची अनुलग्नक 1 में दी गई है।

(ग) : नए एफटीओ की स्थापना के लिए अपेक्षित आधारभूत अवसंरचना सहित निर्धारित मानदंड से संबंधित विवरण वायुयान नियमावली 1937 के नियम 41ख एवं नागर विमानन अपेक्षाएं (सीएआर) खंड 7, श्रृंखला घ, भाग 1 में दिया गया है।

(घ) एवं (ङ): वर्ष 2021 में, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के पश्चात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जलगांव (महाराष्ट्र) एवं लीलाबारी (असम) सहित पांच हवाईअड्डों पर नौ एएफटीओ स्लॉट अवार्ड किए गए हैं।

जून, 2022 में एएफटीओ बिडिंग राउंड 2 में, एएआई द्वारा पाँच हवाई अड्डों नामत: भावनगर (गुजरात) के लिए 2 स्लॉट, तथा हुबली (कर्नाटक), कडप्पा (आंध्र प्रदेश), किशनगढ़ (राजस्थान) एवं सालेम (तमिलनाडु) में से प्रत्येक के लिए एक स्लॉट सहित 6 एफटीओ स्लॉट अवार्ड किए गए थे।

*********

लोक सभा के दिनांक 02 फरवरी 2023 के लिखित प्रश्न सं. 35 का अनुलग्नक

उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की राज्यवार सूची (30 जनवरी 2023 की स्थिति के अनुसार)

| क्रम सं | राज्य | नाम | पता | अतिरिक्त बेस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार | बिहार फ्लाइंगइंस्टीट्यूट | पटना एयरपोर्ट, पटना | |
| 2 | गुजरात | अहमदाबाद एविएशन एंड एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, | एएए हैंगर, पुराना टर्मिनल एयरपोर्ट, अहमदाबाद, गुजरात | |
| 3 | गुजरात | गुजरात फ्लाइंगक्लब, | वडोदरा एयरपोर्ट, गुजरात | |
| 4 | हरियाणा | हरियाणा इंस्टीट्यूट आफ सिविल एविएशन | सिविल एयरोड्रोम, कुंजपुरा रोड, करनाल , हरियाणा। | हिसार , हरियाणा<br>पिंजौर , हरियाणा |
| 5 | हरियाणा | एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड | चौधरी बंसी लाल हवाई अड्डा, भिवानी , हरियाणा | नारनौल , हरियाणा |
| 6 | झारखंड | अलकैमिस्ट एविएशन प्रा. लिमिटेड | जमशेदपुर, झारखंड | |
| 7 | कर्नाटक | गवर्नमेंट फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल | जक्कुर , बैंगलोर | |
| 8 | कर्नाटक | ओरियट फ्लाइट एविएशन अकादमी | मैसूर, कर्नाटक | |
| 9 | केरल | राजीव गांधी अकादमी फार एविएशन टैक्नोलॉजी | तिरुवनंतपुरम, केरल | |
| 10 | मध्य प्रदेश | चाइम्स एविएशन अकादमी, | सागर , मध्य प्रदेश | |
| 11 | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेशफ्लाइंग क्लब, इंदौर | देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट, नागरिक हवाई अड्डा,बिजासन रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश | भोपाल, मध्य प्रदेश। |
| 12 | मध्य प्रदेश | शा-शिबफ्लाइंग अकादमी, | गुना , मध्य प्रदेश | |
| 13 | मध्य प्रदेश | जेट सर्व एविएशन प्रा. लिमिटेड | फ्लाई ओला एविएशन अकादमी, टर्मिनल रोड, खजुराहो एयरपोर्ट, खजुराहो , मध्य प्रदेश | |
| 14 | महाराष्ट्र | अकादमी आफ कारवर एविएशन | बारामती एयरपोर्ट, बारामती , महाराष्ट्र | |
| 15 | महाराष्ट्र | ब्ल्यू रे एविएशन | बीआरएपीएल हैंगर, उस्मानाबाद एयरपोर्ट, महाराष्ट्र | महसाना, गुजरात |
| 16 | महाराष्ट्र | नागपुर फ्लाइंग क्लब | डिवीजनल कमीशनर का कार्यालय, सिविल लाइंस, नागपुर, महाराष्ट्र। | |
| 17 | महाराष्ट्र | नेशनल फ्लाइट ट्रेनिंग संस्थान प्रा. लिमिटेड, | द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, बिरसी एयरपोर्ट, डाकघर पी;पारसवाड़ा , गोंदिया , महाराष्ट्र | |
| 18 | महाराष्ट्र | रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी प्रा. लिमिटेड | बारामती हवाई अड्डा, बारामती , महाराष्ट्र | सिवनी , मध्य प्रदेश<br>लीलाबारी , असम<br>कलबुर्गी , कर्नाटक |
| 19 | महाराष्ट्र | एसवीकेएम एनएमआईएमएस अकादमी आफ एविएशन | कैंपस- बाबुलडे , शिरपुर , जिला धुले , महाराष्ट्र | |

| क्रम सं | राज्य | नाम | पता | अतिरिक्त बेस |
|---|---|---|---|---|
| 20 | महाराष्ट्र | स्काईनेक्स एयरो प्रा. लिमिटेड | जलगाँव हवाई अड्डा, जलगाँव , महाराष्ट्र | |
| 21 | महाराष्ट्र | बॉम्बेफ्लाइंग क्लब, | जुहू एयरपोर्ट, सांताक्रूज(डब्ल्यू), मुंबई , महाराष्ट्र | मुंबई, महाराष्ट्र<br>धुले , महाराष्ट्र |
| 22 | ओडिशा | गर्वनमेंट एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट | एविएशन निदेशालय, ओडिशा, सिविल एयरोड्राम ,भुवनेश्वर , उड़ीसा | बिरसाल , उड़ीसा |
| 23 | पंजाब | पटियाला एविएशन क्लब | पटियाला, पंजाब | अमृतसर - पंजाब |
| 24 | राजस्थान | वनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग फ्लाइंग क्लब | वनस्थली , जिला टोंक , राजस्थान | |
| 25 | तेलंगाना | एशिया पैसिफिक फलाइट ट्रेनिंग अकादमीलिमिटेड | जीएमआर एचआईएएल एयरपोर्ट, राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शमशाबाद , हैदराबाद, तेलंगाना (2013) | बेगमपेट एयरपोर्ट, हैदराबाद, तेलंगाना (2015)<br>कलबुर्गी हवाई अड्डा, कर्नाटक (2021) |
| 26 | तेलंगाना | फ्लाईटेक एविएशन अकादमी, | ए1-कौसर, प्लाट नम्बर 295,रोड नम्बर 10, पश्चिम मारेदपल्ली । सिकंदराबाद . तेलंगाना | नादिरगुल , तेलंगाना<br>नागार्जुन सागर , आंध्र प्रदेश |
| 27 | तेलंगाना | तेलंगाना स्टेट एविएशन अकादमी, | आंध्र प्रदेश, पुराना हवाईअड्डा, हैदराबाद, तेलंगाना | |
| 28 | तेलंगाना | विंग्स एविएशन प्रा. लिमिटेड, | 1-11-256/बी, प्लाट नम्बर 108, नज़दीक एयरपोर्ट रोड,बेगमपेट , हैदराबाद, तेलंगाना | |
| 29 | उत्तर प्रदेश | एम्बिशन्स फ्लाइंग क्लब प्रा. लिमिटेड | अलीगढ़, उत्तर प्रदेश | |
| 30 | उत्तर प्रदेश | चेतक एविएशन | एमएस-10, एनएच-91, अलीगढ़ हवाई पट्टी, धनीपुर अलीगढ़, उत्तर प्रदेश | |
| 31 | उत्तर प्रदेश | फाल्कन एविएशन अकादमी | अयोध्या , फैजाबाद , उत्तर प्रदेश। (गैर-परिचालनिक) (2013) | रीवा , मध्य प्रदेश (2019) |
| 32 | उत्तर प्रदेश | गर्ग एविएशन लिमिटेड यूपी | हैंगर नंबर 3धुले, सिविल एयरोड्राम, कैंट,<br>कानपुर, उत्तर प्रदेश | |
| 33 | उत्तर प्रदेश | इंदिरा गांधी राष्ट्रीयउड़ान अकादमी | फुरसतगंज , जिला रायबरेली , उत्तर प्रदेश | गोंदिया , महाराष्ट्र |
| 34 | उत्तर प्रदेश | पायनियर फ्लाइंग अकादमी प्रा. लिमिटेड | एमएस-10, एनएच-91, धनीपुर एयरपोर्ट, डाक पनेठी , अलीगढ़, उत्तर प्रदेश | |
| 35 | उत्तर प्रदेश | सरस्वती एविएशन अकादमी | सुल्तानपुर , अमहट एयरफील्ड, उत्तर प्रदेश | |

स्रोत: नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)